इकतारा बोले

डॉ टी महादेव राव
विशाखापटनम (आंध्र प्रदेश)
9394290204

हम दूध के धुले बाकी सब सड़े गले

'भई! बताओ इस तरह कुछ अलग सा कैसे सोच लेते हो? '

'यह हमारा इंटेलिजेंस है, विद्वत्ता है, बुद्धि बल है। '

'इतने क्रूर, कटु और नकारात्मक सोच के लिए बुध्दिबल या विवेक की जरूरत नहीं होती। बस नकारात्मक कुटिल शकुनी का दिमाग होना चाहिए। बस। ' 'लेकिन यह बताओ कि तुम किन बातों को अलग से सोचने की कह रहे थे? ' 'यही कि चुनावी भाषणों में जनता के हित और कल्याण को दरकिनार कर विपक्ष को डाकू और लुटेरा साबित करने के बीड़े के पीछे हर दिन जो बयान दे रहे हो, उसके बारे में कह रहा हूं। ' 'हम लोग तो बहुत कुछ कहते हैं, तुम किस खास भाषण के बारे में कह रहे हो? ' 'तुम्हारे हर भाषण में स्वयं को हरिश्चंद्र और बाकी को झूठे, फरेबी और लुटेरे साबित करने के लिए कभी मंगलसूत्र छीनने वाले, कभी सारा कुछ लूट लेने वाले, भैंसों को भी ले जाने वाले, कहीं का ताला कहीं लगाने वाले, केवल आपकी पार्टी को छोड़कर बाकी पार्टियों की सरकारों को भ्रष्ट साबित करने के अलावा और होता क्या है? ' 'हम भ्रष्ट नहीं हैं, तभी ऐसा कह पा रहे हैं। अब आप बताओ दो जून खाना हम गरीबों को मुफ्त राशन देकर मुहैया करा रहे हैं। अन्य खर्चों के लिए पेंशन, स्त्री समृद्धि के नाम पर पैसे, बेरोजगार भत्ते और अन्य सुविधाएं दे ही रहे हैं। उनका हित, उनका कल्याण कर रहे हैं। ऐसे में गरीब गुरबा को और क्या चाहिए। रही उद्योगपतियों की बात तो आप सब जान ही रहे हो। सत्ता में आने के बाद हमारे, विश्व के संपन्न धनिकों में हमारे देश के ही दो तीन गुजरातियों के नाम आ रहे हैं। है न यह गर्व की बात। अब इससे ज्यादा कल्याण या हित का काम कौन कर सकेगा? ' 'लेकिन सबसे बड़ी जनसंख्या वाले मध्यवर्गीय मानुष का जीवन आपने नर्क बना रखा है। महंगाई, भ्रष्टाचार, अनैतिक कार्य, टैक्सों का भरमार। मध्यवर्गीय व्यक्ति को ना जीते बन रहा है ना मरते। अधर में लटका हुआ सोच रहा है कि मैं इधर जाऊं या उधर जाऊं या ऊपर जाऊं।उसके लिए आपकी योजनाएं क्या हैं? ' 'पिछले कुछ वर्षों में हमने उच्च वर्ग और निम्नवर्ग के मानवों पर ध्यान दिया उनका कल्याण किया। अब फिर जिताएंगे तो मध्यवर्ग मानुष पर काम करेंगे। फिर काहे लूट मची है, टैक्स बढ़ गया है चिल्लाते हो। टैक्स न लेंगे तो उधर धनिक वर्ग और इधर मुफ्त राशन सुविधाएं कैसे मुहैया कराएंगे? ' ' मुंह न ही खुलवाओ तो बेहतर है। बड़ी और भारी लूट तो तुम्हारा ही है जो तुमको दिखता नहीं है। लाभ देती सरकारी कंपनियों की बिक्री, खास राज्य के धन्ना सेठों का भरपूर विकास और मध्यम वर्गीय जनता का करों और महंगाई के माध्यम से शोषण यह सब क्या है? इसे विकास, प्रगति या उन्नति कहते हो? ' 'यह महंगाई, टैक्स सारा कुछ पिछली सरकार का पाप है। ' 'दस साल से यही जुमला फेंक रहे हो। उस तथाकथित पाप को धोने के लिए आपको बारह साल भी काम पड़े जो वही राग अलाप रहे हो। '

'तुम तो बस हमारी बखिया उधेड़कर खुश होते सेडिस्ट हो। '

'हां। जनता जानती है सैडिस्ट कौन है और कुंठित व्यक्तित्व किसका है। '

बिजली की दर वृद्धि के विरोध में कांग्रेस ने 26 जोनल कार्यालय घेरे

इंदौर (नवीन मौर्य)। मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा बिजली की दर में वृद्धि किए जाने के विरोध में कांग्रेस ने आज बिजली कंपनी के 26 जोनल कार्यालय का घेराव किया। शहर कांग्रेस के अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने चेतावनी दी है कि राज्य सरकार जनता का शोषण करने से बाज आएं। चिंटू चौकसे ने कहा कि प्रदेश सरकार की पहल पर मध्य प्रदेश विद्युत नियामक आयोग के द्वारा हाल ही में बिजली

की दर में वृद्धि की घोषणा की गई है। आवासीय से लेकर हर उपयोग की बिजली की प्रति यूनिट की दर बढ़ा दी गई है। इसके कारण महंगाई का सामना कर रहे नागरिकों के समक्ष गंभीर चुनौती पैदा हो गई है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक एक में ब्लॉक अध्यक्ष विपिन यादव, तरुण कुमार्या पोलो ग्राउंड जोन, प्रेम वर्मा ने संगम नगर जोन, योगेंद्र मौर्य, दिलीप सुरो ने कालानी नगर जोन का घेराव किया। इस घेराव में विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी दीपू यादव ने हर स्थान पर उपस्थित रहे। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 2 में सांवेर रोड के जोनल कार्यालय का शहर अध्यक्ष चिंटू चौकसे, गोपी यादव, नागेश यादव, सुनील यादव, अनिल चौहान, रजत पाल, किरण रघुवंशी, राकेश सोलंकी के नेतृत्व में घेराव किया गया। योजना क्रमांक 54, 74 के जोनल कार्यालय का राजा चौकसे, पार्षद राजू भदोरिया, लोकेश हार्डिया, गब्बर पवार, शुभम यादव, शिवलाल गुर्जर, सुभाष यादव, मनीष महेंद्र, राहुल बिजोरिया, मुकेश यादव, कपिल यादव, राजा ठाकुर, विजय पाल, सतीश सैनी, पंकज चौहान, राजा कुशवाहा, कन्हैया पटेल और सुधीर सिंह के नेतृत्व में घेराव किया गया। इलेक्ट्रॉनिक कांपलेक्स जोनल कार्यालय का आशुतोष तिवारी, राजेश चौकसे, अमित पटेल, विनोद चौकसे, राकेश गौहर, अजय चौकसे, दीपू चौहान, योगेंद्र चौकसे, लक्ष्मी नारायण पाठक, हरनाम सिंह धारीवाल, राकेश बंदावड़े, बंटी रेशवाल, सनी ठाकुर के नेतृत्व में घेराव किया गया*मध्य प्रदेश विद्युत मण्डल सत्य साईं झोन विजय नगर कार्यालय* पहुंचकर सहायक यंत्री को ज्ञापन सौंपा गया और विद्युत जोन पर विरोध प्रदर्शन किया गया। ब्लॉक क्रमांक 9 के ब्लॉक अध्यक्ष राहुल धाकरे , वार्ड क्र. 30 के प्रभारी शैलेष कैमरे, व वार्ड क्र. 31 के प्रभारी नकुल पाटिल, वार्ड क्र. 30 अध्यक्ष मिथुन सकोरे, वार्ड क्र. 31 के अध्यक्ष अमित चौहान, शहर कांग्रेस महामंत्री हरिओम शर्मा मुरलीधर सोलंकी, सुदेश डोंगरे,राजेश राठौर कमलेश पटेरिया, महिला प्रभारी इंदा चौहान, मुन्ना अंसारी , रूपचंद सोलंकी, एकनाथ मोहने, नट्टू भागवत, उत्तम वर्मा, विपिन शर्मा, विनोद दिसोरिया, राजकुमार सिमरेया, अल्पेश परिहार, जीतेन्द्र बुदेला, ऋतिक बोरासी, कैलाश बीजोरे, सूरज नरवरिया माखन यादव, राजेश निंबोरिया, मकसूद खान पंकज गवली सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 3 में नितेश सेन सेलू ने नौलखा जोन, विशाल चतुर्वेदी ने सियागंज वेयरहाउस जोन, रोहित जोशी ने सुभाष चौक जोन का विधानसभा प्रभारी पिंटू जोशी के नेतृत्व में घेराव किया। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 4 में गिरीश जोशी ने चोइथराम मंडी जोन, जतिन थोरात ने गुमास्ता नगर जोन, रविकांत मिश्रा ने अन्नपूर्णा जोन, सुनील पाल राजमोहल्ला जोन का विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी शैलेष गर्ग व संजय बाकलीवाल की उपस्थित में घेराव किया। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 5 में शैलेश जैन लाल ने तिलक नगर जोन, संतोष यादव ने डेली कॉलेज जोन, पुखराज राठौर ने मनोरमा गंज जोन, गोलू पठान ने खजराना जोन, आकाश कुशवाह ने मालवा मिल जोन का घेराव किया। इस प्रदर्शन में विनय बाकलीवाल अमन बजाज भी उपस्थित थे।

प्रदेश में अब चेहरा दिखाकर मिलेगा राशन, दिसम्बर 2026 तक लागू होगी फेस रिकग्निशन व्यवस्था

खाद्य मंत्री राजपूत का ऐलान : बायोमेट्रिक के साथ ओटीपी और नॉमिनी की सुविधा रहेगी बरकरार, वन नेशन-वन राशनकार्ड से प्रदेशभर में मिल रहा लाभ

इंदौर । मध्यप्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली को और अधिक आधुनिक और पारदर्शी बनाने की दिशा में सरकार बड़ा कदम उठाने जा रही है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया कि अब पात्र परिवारों को उचित मूल्य की दुकानों से फेस रिकग्निशन (चेहरा पहचान प्रणाली) के माध्यम से राशन वितरित करने की योजना तैयार की गई है। इस नई व्यवस्था को दिसम्बर 2026 तक पूरे प्रदेश में प्रभावी रूप से लागू कर दिया जाएगा। वर्तमान में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत बायोमेट्रिक सत्यापन के आधार पर खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा है, जिसमें परिवार का कोई भी सदस्य पीओएस मशीन पर अंगूठा लगाकर अपनी पात्रता का राशन प्राप्त कर सकता है। मंत्री राजपूत ने राशन वितरण के आंकड़ों को साझा करते हुए बताया कि मार्च 2026 में प्रदेश के 1 करोड़ 24 लाख 34 हजार परिवारों को 2 लाख 72 हजार मीट्रिक टन खाद्यान्न का वितरण सफलतापूर्वक किया जा चुका है। जिन परिवारों को अभी तक राशन नहीं मिल सका है, उन्हें 15 अप्रैल तक वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि तकनीकी रूप से कमजोर या शारीरिक रूप से अक्षम हितग्राहियों के हितों का भी पूरा ध्यान रखा गया है। वृद्ध और दिव्यांगजन, जिनका बायोमेट्रिक सत्यापन विफल हो जाता है, उन्हें आधार से लिंक मोबाइल नंबर पर ओटीपी भेजकर राशन प्रदान किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, लगभग 44 हजार 671 ऐसे परिवार जो दुकान तक पहुँचने में अक्षम हैं, उन्हें नॉमिनी के माध्यम से राशन लेने की विशेष सुविधा दी गई है। प्रदेश में वन नेशन वन राशनकार्ड और अंतर जिला पोर्टेबिलिटी योजना भी मील का पत्थर साबित हो रही है। मंत्री ने बताया कि अब हितग्राहियों के लिए अपनी ही दुकान से राशन लेने की बाध्यता समाप्त हो गई है।

मध्यप्रदेश के 36 हजार से अधिक परिवार अन्य राज्यों में राशन ले रहे हैं, वहीं अन्य राज्यों के हजारों परिवार मध्यप्रदेश में इस सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। अंतर जिला पोर्टेबिलिटी के माध्यम से 18 लाख 55 हजार से अधिक परिवारों ने अपनी पसंद या नजदीकी दुकान से राशन प्राप्त किया है। शासन का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक पात्र परिवार तक बिना किसी असुविधा के और पूरी पारदर्शिता के साथ खाद्यान्न पहुँचाना है।

व्यापार मेले में उमड़ी भीड़

इंदौर । जिला माहेश्वरी महासभा द्वारा ब्रिलियंट कांवेंट में आयोजित दो दिवसीय व्यापार मेले में दूसरे दिन उमड़ी भीड़। जनता ही नहीं पार्षद, विधायक, जन प्रतिनिधि ,नेता, समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि, धाम सरकार के गुरुजी ,कई गणमान्य व्यक्ति माहेश्वरी व्यापार महोत्सव को देखने के लिए आए । विशेष रूप से शामिल अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के मुख्य चुनाव अधिकारी सतीश चरखा ने इस सराहनीय कार्य की सराहना की। इंदौर माहेश्वरी महासभा के जिला अध्यक्ष डॉक्टर सत्यनारायण मंत्री ने कहा कि प्रथम बार आयोजित व्यापार मेले का अच्छा रिस्पॉन्स मिला है ।

इंदौर के सैकड़ो शिक्षक पहुचें सुप्रीम कोर्ट

इंदौर। शिक्षक संयुक्त मोर्चे के घटक दल शासकीय शिक्षक संगठन के संरक्षक हरीश बोयत, प्रांतीय महामंत्री अशोक मालवीया व जिलाध्यक्ष प्रवीण यादव नगर अध्यक्ष अरुण पाण्डेय ने बताया कि इंदौर से 100 संगठन सदस्यों द्वारा सुप्रीम कोर्ट में म.प्र.में 27 वर्षों की सेवा के बाद उन शिक्षकों की अब 'शिक्षक पात्रता (टेट) परीक्षा लेने के विरोध में शासकीय शिक्षक संगठन इंदौर के सैकड़ों सदस्यों ने सुप्रीम कोर्ट में विविध याचिका दायर की । 27 वर्षों से सेवा दे रहे व नियुक्ति के समय शासन के उचित मापदंडों से

चयनित शिक्षकों पर टेट की बाध्यता को समाप्त करने के लिए सुप्रीम कोर्ट में विविध याचिका लगाई। इस संबंध में म प्र के समस्त शिक्षकों के हित में विविध याचिका पूर्व हाईकोर्ट जज व वर्तमान में सुप्रीम कोर्ट के सीनियर अधिवक्ता एस के गंगेले के माध्यम से दायर की गयी है। गंगेले ने कहा कि आप सभी 100 सदस्यों की व्यक्तिगत याचिका में आपके हित के लिए सभी न्यायोचित बिंदुओं को * 'विविध याचिका* 'के माध्यम सुप्रीम कोर्ट की डबल बैंच में आपके हित के सभी पक्ष मजबूती से रखूंगा।

श्री जीतू बगानी का आभार एवं अभिनंदन संदेश

इंदौर जवाहर डोसी पीयूष । अक्षत गार्डन, इंदौर में आयोजित संस्था सोशल प्लांट वेलफेयर सोसाइटी की वार्षिक सभा वास्तव में एक गौरवपूर्ण और अविस्मरणीय क्षण की साक्षी बनी,जब मानवता के सच्चे सेवक,इंदौर की महान विभूति आदरणीय श्री जीतू बगानी का सम्मान किया गया। आपकी गरिमामयी उपस्थिति ने इस आयोजन को दिव्यता और प्रेरणा से भर दिया।हम हृदय की गहराइयों से आपका आभार व्यक्त करते हैं कि आपने अपने अमूल्य समय से हमें अनुगृहित किया। मानव अंगदान के क्षेत्र में आपका योगदान अद्वितीय और अतुलनीय है। पिछले 15 वर्षों से आप जागरूकता के पथ प्रदर्शक रहे हैं। लगभग 18,500 नेत्रदान (कॉर्निया दान) संपन्न करवाए। इनमें से करीब 6,000 कॉर्निया रिट्रीवल कार्य आपने स्वयं किए। आपके प्रयासों से 1,040 देहदान पूर्ण हुए। आपने न केवल मरीजों के परिजनों को परामर्श देकर प्रेरित किया,बल्कि कई बार 72 घंटे तक निरंतर काउंसलिंग कर मानव सेवा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। आपके द्वारा स्थापित 'मुस्कान ग्रुप' के माध्यम से मानव कल्याण की जो ज्योति प्रज्वलित हुई है,वह आज पूरे भारतवर्ष में आशा,संवेदना और जीवनदान का प्रतीक बन चुकी है।

सीपीएम कार्यकर्ता जत्था निकलेंगे

इंदौर। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ता 14 अप्रैल अंबेडकर जयंती पर बाबा साहेब अंबेडकर प्रतिमा गीता भवन चौराहा पर सुबह 9:30 बजे माल्यार्पण करेंगे और संवैधानिक अधिकारों के संकल्प की शपथ लेंगे इसके पश्चात कार्यकर्ताओ का जत्था राऊ बस स्टैंड चौराहे से दोपहर 11:00 महू के लिए रवाना होंगा। महू में सभी कार्यकर्ता इंदौर रोड पुरानी तहसील कार्यालय महेश्वरी स्कूल के पास इकट्ठा होंगे वहां कार्यकर्ताओं की छोटी सभा होगी इसके पश्चात सभी कार्यकर्ता महू में विभिन्न मार्गों से गुजर कर बाबा साहब के जन्म स्थान पर पहुंचेंगे जहां संवैधानिक अधिकारों पर बढते हमलो के विरोध में संघर्ष किए जाने का संकल्प लेंगे। उपरोक्त जानकारी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कॉ अरुण चौहान द्वारा दी गई।

नीट (यूजी) 2026 : इंदौर के 57 केंद्रों पर 3 मई को होगी मेडिकल प्रवेश परीक्षा

इंदौर । नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा देश के प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट-यूजी) 2026 की तैयारियां शहर में अंतिम दौर में हैं। आगामी 3 मई को होने वाली इस परीक्षा के लिए जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग ने कमर कस ली है। इस बार इंदौर में रिकॉर्ड 57 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 23,160 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के सफल और पारदर्शी आयोजन को लेकर सोमवार को कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में एक अहम समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में अपर कलेक्टर रोशन राय, जिला शिक्षा अधिकारी, पुलिस, स्वास्थ्य, परिवहन और विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों सहित परीक्षा केंद्रों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि परीक्षा के दौरान सुरक्षा और पारदर्शिता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

संदर्भ : डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती

जरा याद उन्हें भी कर लो जो नींव का पत्थर बनने का साहस कर पाए

महू (इंदौर समाचार)। संविधान निर्माता की जन्मस्थली महू में पिछले 20 वर्षों से हम सरकारी व्यवस्था के तहत डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाने का कार्यक्रम देख रही है।

जन्मस्थली को जन्म स्थान के रूप में मान्यता दिलाने के लिए लंबा संघर्ष किया गया था वर्ष 1970 से लगातार संघर्ष किया गया तब जाकर लंबे संघर्ष के पश्चात महू को जन्मस्थली का हकदार मानकर इस स्थान को विकसित करने की योजना बनाई गई। इस संघर्ष में समाजवादी विचारधारा से प्रभावित रहे अभिभाषक त्रिलोक सिंह भाटिया एवं अभिभाषा अर्जुन सिंह धारू का महत्वपूर्ण योगदान उनके साथ तेली खेड़ा निवासी अशोक यादव, मोती महल निवासी नरसिंह मौर्य, पेंशन पुरा निवासी रतन कर्डक राजेंद्र वाघमारे ठोंबरे एवं उनके साथियों का जबरदस्त योगदान रहा है। एक दौर में अंबेडकर जयंती के उत्सव पर सवेरे 5:00 बजे प्रभात फेरी निकलती थी जिसमें 20-25 लोग शामिल हुआ करते थे तथा अंबेडकर जन्मस्थली पर जाकर माल्यार्पण करते थे लंबे समय तक स्थान पर मूर्ति भी नहीं थी बाद में लंबे संघर्ष के पश्चात वहां मूर्ति की स्थापना हुई थी। महू

का नाम डॉ आंबेडकर के नाम पर करने की लड़ाई भी त्रिलोक सिंह भाटिया में अर्जुन सिंह दारू ने ही लड़ी स्वर्गीय त्रिलोक सिंह भाटिया छावनी परिषद में एक बार पार्षद रहे थे ।अर्जुन सिंह दारू छावनी बोर्ड में पार्षद भी रहे थे तथा बाद में वर्ष 1977 से 80 के बीच

विधायक तथा संसदीय सचिव भी रहे थे। मूल बात यह थी कि यह दोनों व्यक्तित्व बिना किसी स्वार्थ के अपने विचारधारा के साथ निष्ठा पूर्वक लोगों को जोड़कर आम जनता की लड़ाई लड़ते रहते थे। जब से अंबेडकर जयंती सरकारी खाते में मनाए जाने लगी है तथा वहां की व्यवस्थाएं आर्थिक दृष्टि से परिपूर्ण हो गई है एक ही समाज के एक ही जाति के लोग लगातार आपस में लड़ रहे हैं तथा वहां पर अपने वर्चस्व स्वयं कब्जे की लड़ाई को लेकर सार्वजनिक रूप से एक दूसरे के खिलाफ आरोप प्रत्यारोप लग रहे हैं लाखों रुपए का सरकारी धन खर्च हो रहा है लेकिन आस्था एवं निष्ठा संचालन समिति की कम होती जा रही है।

स्वर्गीय त्रिलोक सिंह भाटिया एवं अर्जुन सिंह धारू डॉ आंबेडकर की जाति के नहीं थे लेकिन उनकी वास्तविक आस्था एवं निष्ठा डॉ आंबेडकर के विचारों से थी और इसी कारण यह दोनों समाजवादी अपना तन मन धन खर्च कर अंबेडकर के आंदोलन से जुड़े थे तथा उन्हें के प्रयासों से मुंह में अंबेडकर की जन्मस्थली को प्रारंभिक स्तर पर स्थापित करने में सहायता मिली है उसके बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रयासों तथा वर्ष 1992 में सुंदरलाल पटवा की सरकार द्वारा जन्मस्थली के निर्माण की शुरुआत के बाद डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जन्मस्थली आज के स्वरूप में हम देख रहे हैं। सरकारी ताम झाम एवं सुविधाओं वाले अंबेडकर जयंती के अवसर पर स्वर्गीय त्रिलोक सिंह भाटिया एवं स्वर्गीय अर्जुन सिंह धारू को स्मरण करते हुए उन्हें शत-शत नमन।

न्यायालय अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी (डॉ. रिकेश कुमार वैश), जिला इंदौर (म.प्र.)
(प्रशासनिक संकुल कक्ष क्र. जी 11)
इन्दौर, दिनांक 31-03-2026
क्रमांक/1437/अकरी-2026 **प्रकरण क्र.**/0615/**ब**-121/2025-2026

पेपर विज्ञप्ति

प्रति,
1. श्री कालु पिता श्री जगदीश
2. श्रीमती बंसती बाई पति श्री कालु
दोनों का पता नं. 1:- वार्ड नं. 1 अग्रवाल कॉलोनी धन्नड़खुर्द पिथमपुर जिला धार (म.प्र.) 454775 दोनों का पता नं.2:- प्लाट नं. सी-103 श्रीनाथ टाउनशीप भाटखेड़ी, तहसील महूँ जिला इंदौर 453441

द्वारा:- पेपर प्रकाशन ।

प्राधिकृत अधिकारी, बंधक बैंक लिमिटेड शाखा का पता:- 304-305 बी एम टावर, लोटस शो रूम के सामने, सपना संगीता रोड इंदौर 452001 द्वारा आवेदन कर निवेदन किया गया हैं कि **बंधक संपत्ति प्लाट नं. सी-103 श्रीनाथ टाउनशीप भाटखेड़ी, तहसील महूँ जिला इंदौर 453441** पर बकाया ऋण राशि का चुकारा आपके द्वारा नहीं किया गया और न ही प्रतिभूमि संपत्ति का कब्जा ही सौंपा गया हैं। अतः वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम की धारा 14 में प्रतिभूमि के रूप में रखी संपत्ति का कब्जा दिलाया जावे।

अतः इस संबंध में एतद् द्वारा सूचित किया जाता हैं कि मामले की सुनवाई हेतु न्यायालय अपर कलेक्टर जिला इंदौर **कक्ष क्रमांक जी-11 में दिनांक 15.04.2026 को दोपहर 03:00 बजे होगी।** आप प्रकरण के संबंध में समस्त दस्तावेज व साक्ष्य सहित उपस्थित रहें। आपकी अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

अतिरीक्त जिला दण्डाधिकारी
जिला इंदौर (म.प्र.)